卐 श्री सदगुरू देवाय नम:卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 322 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦28 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## बच्चों को लेकर स्कूल जा रही यूटिलिटी खाई में गिरी

उत्तरकशी। उत्तरकाशी तहसील बडकोट क्षेत्र में राजगढी के पास एक यूटिलिटी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस वाहन में 15-16 बच्चे सवार थे, जिन्हें लेकर यूटिलिटी स्कूल छोड़ने जा रही थी। वाहन पलटते ही 50 मीटर नीचे खाई में जा गिरा। सोमवार सुबह राजगढी के पास एक स्कूल बस पलटने की सूचना मिलते ही 108 आपातकालीन सेवा तथा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इससे पहले वाहन के खाई में गिरते ही चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनते ही ग्रामीण बचाने के लिए दौड़े। बच्चों को सुरक्षित निकाला



गया। गनीमत रही कि बड़ा हादसे होने से टल गया। कुछ बच्चों को चोटें आई है। जिनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। स्कूल जा रहे सभी बच्चे बनाल पट्टी के थानकी और भानी गांव के हैं। हादसे के बाद से बच्चे डरे हुए हैं।

## जवान ने खुद को गोली मारकर किया सुसाईड

बरेली(उद संवाददाता)। बरेली के एयर फोर्स स्टेशन में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात बागेश्वर के रहने वाले एक जवान ने खुद को गोली से उड़ा दिया। जवान ने खुदकुशी क्योंकि इस बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक खुदकुशी करने वाले जवान का नाम जगदीश राम है और वह बागेश्वर के कांड तहसील के गणेशपुर गांव के रहने वाले हैं। जगदीश एयरफोर्स स्टेशन त्रिशूल में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे और आवासीय क्वार्टर में रहते थे। सुबह 4:00 बजे उन्होंने अपनी एके-47 से अपने आप को गोली मार कर उड़ा दिया।गोली की आवाज सुनकर एयर फोर्स स्टेशन में हड़कंप



मच गया और लोग उस और दौड़ पड़े। पास जाकर देखा तो जगदीश राम का खून से लतपत शव जमीन पर पड़ा हुआ था। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है, वारदात क्यों हुई क्यों जगदीश ने अपने आप को गोली से उड़ाया इस बात का अभी कुछ पता नहीं चल पाया है मामले की जांच की जा रही है।

## वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने पर नीरज को दी बधाई

देहरादून(उद सवांदाता)। भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। इस उपलब्धि को हासिल



करने वाले वह भारत के पहले एथलीट बन गए हैं। नीरज चोपड़ा ने रविवार यानी 27 अगस्त को वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड जीता। इसी के साथ उन्होंने दो गोल्ड अपने नाम किए। भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को इस ऐतिहासिक जीत व उपलब्धि के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी उन्हें बधाई दी।( **शेष पेज सात पर** )

## फर्जी मुख्तार-नामे से करोड़ों की भूमि की कराई रजिस्ट्री

### फर्जी रजिस्ट्री मामला: पुलिस ने रपट दर्ज कर मामले की शुरू की छानबीन

देहरादून(उद संवाददाता)। सरकार की नाक के नीचे भू-भक्षियों ने करोड़ों रूपयें की जमीन को अपने नाम कराने का मामला सामने आया है। जब इसकी जानकारी लगी तो भूमि स्वामी को लगी तो उसके पैरों तले जमीन ही खिसक गई। भूस्वामी द्वारा पूरे मामले से एसपी को अवगत कराते हुये देहरादून थाने में कल रविवार को इस मामले की रपट दर्ज कराते हुये न्याय की गुहार लगाई है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में अजय आनन्द पुत्र स्व जगदीश लाल निवासी 6 पीडी टंडन मार्ग



देहरादून ने बताया कि उसकी भूमि खाता संख्या 63 खाता संख्या दो खाता संख्या तीन खाता संख्या 21 खाता संख्या 78 खाता संख्या 73 खाता संख्या 83 खाता संख्या 79 खाता संख्या 237 खाता संख्या 20 खाता संख्या 37 में वर्णित खसरा नंबर वन में स्थित मौज खुर वा परगना परवादून तहसील सदर जिला देहरादून में है। जिस पर वहं काबिज है और उक्त भूमि पर उसके द्वारा बाउंड्री वॉल आदि करा रखी हैं। दिनांक 19 अगस्त 2023 को जब वह अपनी भूमि पर गया तो कुछ व्यक्ति जिन्होंने अपना नाम दीपक सिंह,अभिषेक कोठारी, गौरव पुंडीर आदि बताया। उक्त लोगों ने जमीन उनके ( **शेष पेज सात पर** )

गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## अब चांद को 'हिंदू राष्ट्र' बनाए जाने की मांग

### चांद पर शिव -पार्वती एवं गणेश भगवान के मंदिर बनाएगी हिंदू महासभा,शिव शक्ति पॉइंट होगी चांद के हिंदू राष्ट्र की राजधानी

**-अर्श-**

भारत के चांद पर कदम रखने के बाद एक और जहां पूरा देश गौरवान्वित एवं आल्हादित है और पूरी तरह जश्न में डूबा हुआ है, वही अब इसी बीच अब चांद को हिंदू राष्ट्र बनाए जाने की मांग सामने आई है। हिंदू महासभा के अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज ने गत रविवार को ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट कर चांद को सनातनी हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग करते हुए कहा कि इसके पूर्व की अन्य जिहादी ताकते चांद पर पहुंचकर आतंक फैलाएं और गजवा ए हिंद की कोशिश करें, चांद को सनातनी हिंदू राष्ट्र घोषित कर दिया जाना चाहिए और चंद्रयान तीन के लैंडिंग स्पॉट अर्थात शिव शक्ति पॉइंट को उसकी राजधानी घोषित किया जाना चाहिए । संत महासभा के अध्यक्ष ने अपनी मांग पर जोर देते हुए वीडियो में आगे कहा है कि देश की संसद में इस आशय का प्रस्ताव पारित किया जाना चाहिए। इतना ही नहीं उन्होंने तो यह भी दावा किया कि चांद पर आवागमन सुलभ होते ही हिंदू महासभा वहां भगवान शिव, मां पार्वती एवं भगवान



गणेश का भव्य मंदिर बनाएगी। इसके साथ ही उन्होंने अपने वीडियो में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस बात के लिए विशेष रूप से धन्यवाद किया कि उन्होंने चांद पर चंद्रयान- 3 के लैंडिंग पॉइंट को शिव शक्ति पॉइंट पॉइंट का नाम दिया। उन्होंने आगे कहा कि हिंदू महासभा शिव शक्ति पॉइंट को शिव शक्ति धाम के रूप में देखती हैं और चांद को हिंदू राष्ट्र बनाने का संसद में प्रस्ताव पास करने एवं शिव शक्ति पॉइंट को इसकी राजधानी घोषित करने के लिए हिंदू महासभा द्वारा भारत सरकार को एक पत्र भी शीघ्र ही प्रेषित किया जाएगा । स्वामी चक्रपाणि महाराज ने यह भी कहा किसनातन धर्म का चांद से पुराना नाता है और चांद का हमारे धर्म ग्रंथो में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। साथ ही चंद का स्थान भगवान शिव के मस्तक में भी है ।इसलिए चांद की पवित्रता बनी रहनी चाहिए और इसके लिए चांद को सनातनी हिंदू राष्ट्र घोषित करना बेहद जरूरी है। बताना होगा कि भारत के चंद्रयान-3 मिशन ने 23 अगस्त को अंतरिक्ष में इतिहास रचते हुए चांद के दक्षिणी ध्रुव पर -सॉफ्ट लैंडिंग की थी। जिसके बाद पीएम मोदी ने 26 अगस्त को घोषणा की थी कि चंद्रयान-3 की लैंडिंग वाली जगह को शशिवशक्तिश पॉइंट कहा जाएगा। पीएम मोदी ने ये भी कहा था कि चंद्रयान-2 ने 2019 में चांद की सतह पर जहां अपने पदचिह्न छोड़े थे, उसे तिरंगा प्वाइंट कहा जाएगा और 23 अगस्त का दिन राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इसरो ने 14 जुलाई को चंद्रयान-3 लॉन्च किया था। इसने 23 अगस्त की शाम को चांद के साउथ ( **शेष पेज सात पर** )

# नगर में जाम के लिये व्यापारी भी जिम्मेदार

## फुटपाथ और सड़कों पर लगे सामान से यातायात हो रहा प्रभावित,एक-दूसरे की होड़ में सड़कों पर सज रही दुकानें

**-कैलाश पंडित-**

किच्छा (उद संवाददाता)। नगर में जाम से निजात पाने के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे हैं प्रयासों के बावजूद जाम से नगर को निजात नहीं मिल पा रही है इसका मुख्य कारण वाहनों की बढ़ती संख्या तथा दुकानदारों द्वारा मनमर्जी माफीक दुकानों के आगे समान लगाना है। इसी परिपेक्ष में लोगों द्वारा जाम और अतिक्रमण की शिकायत न्यायालय में की जाती रही है। जिसका खामियाजा वर्तमान में पूरा शहर झेल रहा है। जिसकी परिणीति ध्वस्ती करण के अलावा कुछ नहीं है। व्यापारियों की दुकान सजाने की होड़ सड़क तक आ जाती है जिस वजह से प्रशासन द्वारा कार्यवाही करने पर राहत तो मिलती है किंतु पुलिस प्रशासन के हटते ही टेंपो मैजिक टेंपो चालक अपनी मनमर्जी पर उतर आते हैं ।जिससे जाम का झाम बन जाता है। यहां पर वाहन चालक सवारियों को जबरन खींच खींचकर वाहनों में ठूंस कर ले जाने का कार्य करते रहते हैं जिससे कभी-कभी मारपीट तक की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अब प्रश्न यह उठता है कि प्रशासन, लोक निर्माण विभाग अतिक्रमण क्षेत्र को खाली



प्रश्न यह उठता है कि नगर का आम नागरिक, आम व्यापारी, आम वाहन चालक नियमों को कितना पालन कर रहा है । यह कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसी स्थिति में प्रशासन द्वारा सख्ती बरतना नितांत आवश्यक है। इस पर आम नागरिकों का रोष प्रकट करना जायज प्रतीत नहीं होता। आम नागरिकों का भी कर्तव्य बनता है कि निर्धारित स्थान पर ही वाहन चलाकर जाम से निजात पाने की कोशिश करनी चाहिए। हालांकि सरकार द्वारा लेफ्ट पहा नहर का कवरिंग का कार्य किया जा रहा है । जिससे निजात पाने की उम्मीद तो है किंतु नहर की कवरिंग को जैसे ही बरेली रोड नेशनल हाईवे से जोड़ा जाएगा यातायात में बेहतासा वृद्धि होने की संभावना बढ़ जाएगी। जिससे जाम और लगने लगेगा ऐसी स्थिति में वाहनों का रूट निर्धारण करना प्रशासन का भी परम कर्तव्य है। नागरिकों का व्यापारियों का वाहन चालकों का भी का भी कर्तव्य बनता है कि निर्धारित मानकों का पालन करते हुए वाहनों का संचालन करें। यहां पर यह अभी उल्लेख करना है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क की सीमा पर किए गए अतिक्रमण को







जाम का लगना लाजमी है। उधर शहर के मध्य एकमात्र क्रॉसिंग भी जाम का मुख्य कारण बना हुआ है। इस क्रॉसिंग पर लोगों के द्वारा नियमों का पालन ना करना भी यदा कदा जाम को बढ़ा देता है। नगर में यात्रियों की आवाजाही के लिए हल्द्वानी रोड पर किच्छा हल्द्वानी मैजिक चालकों का अड्डा है । वही डीडी चौक के पास शक्तिफार्म खटीमा के लिए जाने वाली प्राइवेट बसों एवं रोडवेज बस स्टेशन है। इसके अलावा किच्छा रुद्रपुर आने जाने के लिए टेंपो चालकों का अड्डा आदित्य चौक के पास है। इन सब के निर्धारित स्थानों के बावजूद भी वाहन चालकों द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जाना भी जाम का मुख्य कारण है। यही नहीं कोतवाली के ठीक सामने स्थित रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के आने जाने पर टेंपो चालकों टुकटुक चालकों द्वारा बेतहासा संख्या में इकट्ठा होकर कुछ समय के लिए जाम को यात्रियों के चक्कर में बढ़ा दिया जाता है। यदा कदा पुलिस करवा लेता है तो क्या जाम से निजात मिल पाएगी? ऐसा होना संभव प्रतीत नहीं हो रहा है। क्योंकि अतिक्रमण क्षेत्र को खाली करने के बाद भी वाहनों के कारण व व्यापारियों की डेकोरेशन की प्रतिस्पर्धा जाम से निजात नहीं दिल पाएगी ।इसके लिए ठोस रणनीति की आवश्यकता है यह रणनीति व्यापारियों के हित में है। मैजिक, टेंपो ,टुकटुक चालकों के अलावा खटीमा सितारगंज के लिए चलने वाले बस चालकों के नियमों को फॉलो करने से ही संभव हो पाएगा। यहां यह भी उल्लेखनीय कि उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र द्वारा पूर्व में हल्द्वानी किच्छा , रुद्रपुर किच्छा मैजिक टेंपो चालकों तथा खटीमा सितारगंज शक्ति फार्म प्राइवेट बस चालको के अलावा हल्द्वानी किच्छा इंटरसिटी बस का संचालन करने हेतु रूट व स्थान निर्धारित किया था। जो कुछ समय तक सामान्य चला रहा। उसके उपरांत स्थिति पूर्व की भांति वापस अपने ढर्रे पर लौट आई । अब

## व्यापारियों के साथ खड़ा है व्यापार मण्डल

किच्छा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला लोक निर्माण विभाग द्वारा नगर में अतिक्रमण को लेकर दिए गए नोटिस पर कहा कि व्यापारिक गणों के हितों की रक्षा के लिए व्यापार मंडल हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के इस सीजन में लोक निर्माण विभाग को अतिक्रमण हटाने के संबंध में व्यापारियों को राहत प्रदान करनी चाहिए उन्होंने कहा कि इस माह रक्षाबंधन वह अगले माह श्री कृष्ण जन्माष्टमी जैसे त्योहार हैं इसके उपरांत माता के नवरात्रि,दशहरा एवं दीपावली है ऐसे में व्यापारियों को अतिक्रमण हटाने के प्रकरण में धकेलना व्यापारी हित में ठीक नहीं है।उन्होंने कहा कि प्रशासन व व्यापारियों के बीच तालमेल बैठा कर सड़क की सीमा से अतिक्रमण हटाने का हल ढूंढना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को भी चाहिए कि सड़क की सीमा को छोड़ते हुए व्यापारी अपना व्यापार करें तथा जाम की स्थिति से बचने



का प्रयास करे। कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने कहा कि व्यापार इस समय भीषण मंदी के दौर से गुजर रहा है।ऐसे में अचानक अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों को परेशान करने से स्थितियां विपरीत बन सकती हैं,उन्होंने कहा कि शीघ्र ही शासन प्रशासन व व्यापारिक गणों की एक बैठक बुलाकर नगर में अतिक्रमण और जाम की स्थिति से निपटने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाएगी।तथा नगर को जाम से मुक्त करने का प्रयास किया जाएगा,उन्होंने कहा कि नगर में जाम का एक मुख्य कारण बढ़ते हुए टुकटुक व भी है जिनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है जो की जाम का एक मुख्य कारण है। इसके अलावा कुछ दुकानदार डेकोरेशन के नाम पर सड़क की सीमा तक समान को सजा लेते हैं जिस वजह से जाम लग जाता है उन्होंने व्यापारियों से भी निवेदन किया कि दुकान की सीमा से बाहर सामान ना लगाए,उन्होंने कहा कि दुकानदार नाली की सीमा के अंदर ही समान लगा कर रखें जिससे जाम नहीं लगेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की सभी टुकटुकों का सत्यापन कर और इनका रूट निर्धारित करते हुए संचालन किया जाए तो समस्या से निजात मिल जाएगी।

हटाने के लिए दिए गए नोटिस पर भी आम नागरिकों को ही निर्णय लेना है क्योंकि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने का जो आदेश दिया गया है। वह भी प्रशासन के लिए अति आवश्यक जान पड़ता है। ऐसी स्थिति में माननीय उच्च न्यायालय ,प्रशासन एवं जनता के बीच तालमेल बनाकर अतिक्रमित क्षेत्र को खाली कर दिया जाता है तो इसमें जनता के साथ-साथ व्यापारियों का भी हित निहित है। अनावश्यक नुकसान से बचा जा सकता है। अब देखना है की लोक निर्माण विभाग द्वारा दिए गए नोटिस पर व्यापारियों प्रशासन कैसा सामंजस्य बैठ पाता है। व्यापारियों के हित सुरक्षित हो पाएंगे या फिर हल्द्वानी किच्छा मार्ग पर की गई कार्यवाही को मुख्य बाजार एमपी चौक से डीडी चौक तक दोहराया जाएगा या फिर तालमेल से सड़क की सीमा स्वत ही दुकानदार छोड़ देंगे ये भविष्य की गहराईयों में है।

# स्मैक और 1.40 लाख की नगदी सहित दो महिला नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। नशे के विरुद्ध थाना पुलिस ने एक सप्ताह के भीतर लगातार तीसरी बडी सफलता हासिल करते हुए 18.28 ग्राम अवैध स्मैक तथा 1.40 लाख नगदी के साथ दो महिला नशा तस्करों को गिरफ्तार कर





लिया। मामले का खुलायसा करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी बाजपुर भूपेंद्र सिंह भंडारी ने थानाध्यक्ष गदरपुर राजेश पाण्डे के नेतृत्व मे थाना पुलिस टीम करतारपुर रोड वार्ड नम्बर 1 मे दबिश देने गई थी। इसी दौरान शाईन पत्नी शाकिर उर्फ नकटा अपनी बहन यासमीन के घर के बाहर उसके साथ खडी दिखाई दी जो पुलिस टीम को आता देख अपनी बहन यासमीन के साथ तेजी से भागने लगी व पुलिस टीम के पास पहुँचने पर शाईन व उसकी बहन यासमीन ने अपने अपने हाथ मे पकडी हुई पालिथीन को वही खाली प्लाट की दीवार के पास फैक दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा इन दोनो को भागने का मौका दिये बगैर महिला उनि. कुसुम रावत व मकानि. पार्वती गोस्वामी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पकड लिया। शाईन द्वारा फेकी गयी पौलीथीन के अन्दर से 10.26 ग्राम अवैध स्मैक, एक इलेक्ट्रानिक तराजू , 90,000 नगद तथा 01 मोबाईल फोन, जबकि यासमीन द्वारा फेकी गयी पौलीथीन के अन्दर से 8.02 ग्राम अवैध स्मैक ,पीली धातु का एक हार ,एक जोडी झुमके, 6 अंगुठियां व एक मोबाईल फोन के साथ 50,400 हजार नगद बरामद हुआ । अवैध स्मैक, रूपयों व जेवर के बारे मे पूछताछ की गयी तो इनके द्वारा बताया कि वह उक्त अवैध स्मैक को शाहिद नाम के व्यक्ति से लाते है व गदरपुर मे बेचते है । इसी स्मैक के धन्धे से हमने यह पैसे व जेवर अर्जित किया है । नशा तस्कर शाईन पत्नी शाकिर उर्फ नकटा निवासी वार्ड न0 01 करतारपुर रोड गदरपुर तथा यासमीन पत्नी मुन्ने निवासी उपरोक्त कोपुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय,उनि पूरण सिह तोमर, उनि कुसुम रावत, उनि रिजवान खान, कानि. पार्वती, सजीवं कुमार , दर्शन सिह , उमेश जोशी , इरशाद उल्ला प्रकाश टम्टा शामिल थे।

# पुलिस ने जुआ खेल रहे तीन जुआरी को किया गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर पुलिस ने जुआ खेल रहे तीन युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया वहीं पुलिस ने फाड़ से हजारों रुपए की नगदी और ताश के पत्ते भी बरामद किए है।आपको बता दे कि गदरपुर थाना अध्यक्ष राजेश पांडे के नेतृत्व में अवैध कार्य में लिप्त संदिग्धो की धरपकड़ एवं गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस ने इस्लामनगर नहर किनारे जुआ खेल रहे तीन अभियुक्त (1) मो0अहमद पुत्र अब्दुल वाहिद(2) रईस अहमद पुत्र नन्हे(3) लाइक अहमद पुत्र मेहदी हसन निवासी वार्ड नंबर 9 गदरपुर को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से पुलिस ने दो मोबाइल 52 ताश के पत्ते 22,280 नगद एवं 2350 नगद रुपए बरामद किये गये। वहीं पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष राजेश पांडे, उप निरीक्षक महेश चंद कांस्टेबल दर्शन सिंह, उमेश जोशी, कमलेश होमगार्ड नजीर अहमद आदि शामिल थे।।



# श्रावण मास के अंतिम सोमवार जयघोषों से गूंजे शिवालय

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। श्रावण मास के आज अंतिम सोमवार को आज नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक किया। प्रात: से ही सभी शिवालय भगवान शिव शंकर के जयघोषों से गुंजायमान हो उठे। शिवालयों में पहुंचे शिव भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध , फल, फूल, धूप, अगरबत्ती आदि पूजा सामग्री के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों की कई दुकानें सजी हुई थीं। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, सहित ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौकी परिसर, कोतवाली परिसर, सिडकुल चौक, आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, बंगाली कालोनी, माडल कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, संजय नगर, आदर्श कालोनी, अटरिया रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, जगतपुरा, दूधिया नगर, खेड़ा, शक्ति विहार, पीएसी परिसर, गंगापुर रोड़, निकटवर्ती ग्राम भूरारानी, डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार आदि क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। इस मौके पर सभी मंदिरों को फूलमालाओं व रंगबिरंगी रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया था। अनेक मंदिरों में धार्मिक आयोजन भी आयोजित किये जा रहे हैं।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रूद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

आवश्यकता है
बैंक ऑफ बड़ौदा एवं एचडीएफसी बैंक के कलैक्शन हेतु जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रूद्रपुर, सितारगंज, खटीमा, टनकपुर आदि के लिए युवकों की। जिसके पास स्वयं का वाहन हो।
शैक्षिक योग्यता-: न्यूनतम इंटरमीडिएट बायोडाटा तथा समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्र के साथ सम्पर्क करें।
Meerut Collection Center B-38 Adarsh Calony Near Balaji Mandir Rudrapur
Mo.9756290004,7668534391,8057772107

# वन विभाग की टीम ने 7 एकड़ वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश एवं प्रभागीय वनाधिकारी बाबूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी, हल्द्वानी वन प्रभाग से प्राप्त दिशा-निर्देशो के क्रम में गौलापार स्थित कालूखेड़ा कक्ष संख्या 1 एवं गाड़खरक बीट एवं अन्य वन क्षेत्रों से वन विभाग की टीम ने लगभग 7 एकड़ वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। अतिक्रमण मुक्त वन भूमि पर हल्द्वानी वन प्रभाग द्वारा 1500 विभिन्न प्रकार के वृक्षों का रोपण किया गया। उप प्रभागीय वनाधिकारी, नंधौर शारदा, ममता चंद ने बताया कि यह कार्यवाही उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा दिये गए आदेश एवं प्रभागीय वनाधिकारी, श्रीमान बाबूलाल द्वारा दिए गए दिशा- निर्देशों के क्रम में की गई है। आगे भी अतिक्रमण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रहेगी। वन भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नही जाएगा। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में उप प्रभागीय वनाधिकारी, नंधौर शारदा, ममता चंद, अजय लिंग्वाल प्रशिक्षु एसीएफ, वन क्षेत्राधिकारी, जौलासाल एवं डाण्डा, सुनील शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी, छकाता, कैलाश गुडवन्त और भारी संख्या में हल्द्वानी वन प्रभाग की टीम दल बल के साथ मौजूद रही।



# योगेश जोशी अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा के जिला महामंत्री मनोनीत

## चंद्रयान 3 से संबंधित टीम की सदस्य काशीपुर की तन्मया तिवारी सम्मानित

काशीपुर( उद संवाददाता)। अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा की एक सभा चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय में संपन्न हुई। सभा के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पंडित हेम भट्ट की उपस्थिति से कार्यक्रम पूरा ऊर्जा से ओत प्रोत रहा। सभा की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष पं शैलेंद्र मिश्रा एडवोकेट ने की एवं संचालन पंडित आर सी त्रिपाठी ने किया। सभा में योगेश जोशी को जिला महामंत्री का मनोनयन पत्र प्रदान किया । सभी ने इस मनोनयन का जोरदार तालियों से स्वागत किया। इसी के साथ हरदीप शर्मा को जिला सचिव प्रचार हरीश जोशी को सचिव महानगर तथा मीनाक्षी दिक्षित उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ महानगर मनोनीत किया गया । इसके अतिरिक्त अन्य कई पदाधिकारी मनोनीत किए गए सुरेश चंद तिवारी की पुत्री तनमया तिवारी को चंद्रयान 3 की इसरो टीम मैं शामिल होकर काशीपुर और उत्तराखंड का गौरव बढ़ाने में अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनका सम्मान पत्र उनके पिता सुरेश तिवारी को प्रदेश अध्यक्ष पंडित भट्ट द्वारा प्रदान किया गया। सभा में प्रदेश अध्यक्ष हेम भट्ट प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ दीपिका गुड़िया आत्रेय आदि ने अपने विचार रखे। ब्राह्मण महाकुंभ के लिए प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने आवाहन किया किया कि हर घर से कम से कम एक सदस्य महाकुंभ में उपस्थित होवे और सितारगंज के चेयरमैन पंडित हरीश दुबे के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध अपना आक्रोश व्यक्त किया और कहा हम सब ब्राहमण उनके साथ है। डॉ दीपिका गुड़िया ने कहा कि आज ब्राह्मण कमजोर नहीं शक्तिशाली होता जा रहा है बस हमें अपनी शक्ति को पहचानना है सभा के अंत में महानगर अध्यक्ष पंडित शैलेंद्र मिश्रा एडवोकेट ने सभी का धंयवाद व्यक्त किया और आवाहन किया कि 24 सितंबर 2023 को अधिक से अधिक लोग महाकुंभ मैं सम्मिलित होंसभा में मोहन चंद्र पपने ,भास्कर त्यागी एडवोकेट ,गिरीशचंद्र अधिकारी, योगेश जोशी, पवन कुमार शर्मा, नवीन नैथानी, संदीप चतुर्वेदी, सुधा शर्मा, सुरेश चंद तिवारी, बीना शर्मा, पुष्पा पंत, मीनाक्षी दीक्षित, किरण चतुर्वेदी, अशोक पंत ,नितिन शर्मा निशा शर्मा, ज्योति शर्मा, नीलम शर्मा, सुनीता तिवारी, पुष्प लता शर्मा, नीरज कांडपाल, रवि लोहानी सतीश चंद्र लखचोरा पुनीत कुमार विवेक मिश्रा शर्मा, बाल किशन पंत, अमित पांडे, धीरेंद्र कुमार तिवारी, आदि जन उपस्थित थे।

# मलयेशिया में स्वर्ण जीतकर लौटे मनीष का नैनीताल में भव्य स्वागत

नैनीताल( उद संवाददाता)। मलयेशिया से गोल्ड मेडल जीतकर घर लौटे सूखाताल निवासी मनीष मंडल का शनिवार को नैनीताल में जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया गया। मनीष ने मलयेशिया में हुई ताइक्वांडो प्रतियोगिता के 54 किग्रा भारवर्ग में पांच खिलाड़ियों को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता है। मेडल प्राप्त करने के बाद शुक्रवार को वह नैनीताल पहुंचे। यहां तल्लीताल डांठ में परिजनों व खिलाड़ियों ने उनका स्वागत किया। डीएसए मैदान में डीएसए महासचिव अनिल गड़िया, रन टु लिव संस्था के हरीश तिवारी, पूर्व सीओ किशन सिंह ह्यांकी, धात संस्था के रविकांत राजू समेत अन्य ने उनका स्वागत किया। सूखाताल बंगाली कॉलोनी में भी मनीष के सम्मान में कार्यक्रम हुआ। मनीष ने बताया कि इस स्वर्ण से इंडियन ताइक्वांडो से उन्हें गेम कार्ड मिल गया है। अब वह यरोपियन कंट्री बेरू में नौ सितंबर को होने वाली प्रतियोगिता में जाएंगे जहां से उन्हें रैंकिंग मिलेगी। सहयोग के लिए उन्होंने अमर उजाला, रन टू लिव, धात संस्था का आभार जताया।



# आपरेशन प्रहार के तहत सात वारंटी गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे आपरेशन प्रहार अभियान के तहत सात वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। मिली जानकारी के अनुसार जिन वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है उनमें शंकर पुत्र मेघराज निवासी वार्ड नंबर 24 रम्पुरा, हरजीत सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र सतनाम सिंह निवासी दरिया नगर वार्ड नंबर 37, सुरजन सिंह पुत्र बालक राम निवासी न्यू जैन कॉलोनी नियर रेलवे क्रॉसिंग, शिव कुमार पुत्र किशन निवासी वार्ड नंबर 6 रम्पुरा, सूरज कोहली उर्फ बैगन पुत्र ओम प्रकाश निवासी वार्ड नंबर 23 रम्पुरा, गबर सिंह पुत्र सुदामा निवासी रविंद्र नगर धोबी घाट के पास ट्रांजिट कैंप तथा कुलदीप सिंह संधू पुत्र सरदार भाग सिंह निवासी किच्छा रोड बगवाड़ा शामिल हैं।

# महिला से पर्स छीन भागा उचक्का दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बरेली रोड़ में शनि बाजार गेट के सामने एक युवक महिला का पर्स छीनकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर महिला का पर्स बरामद कर लिया। पुलिस को दी तहरीर में कब्रिस्तान गेट लाईन नम्बर 16 निवासी शाने आलम ने बताया कि उसकी पत्नी गोजाजाली अपने रिश्तेदार के यहां से अपने घर की ओर आ रही थी। इस दौरान जब वह शनि बाजार गेट के सामने के गली में पहुँची तो एक युवक उसका पर्स छीनकर फरार हो गया। शाने आलम ने बताया कि पर्स में एक मोबाइल, सोने की चेन पेंडिल व करीब 300 रुपये की नगदी थी। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# रामलीला कमेटी के गोपाल सिंह रावत बने अध्यक्ष

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। पर्वतीय रामलीला मंचन के सफल आयोजन के लिए बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में रामलीला मंचन के कार्यक्रम के साथ साथ कमेटी को बेहतर बनाने के विषय में चर्चा किया गया।जिसमे सभी सदस्यो के सहमति से शक्तिफार्म के पर्वतीय रामलीला कमेटी का हुआ गठन। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोंलास के साथ पहली नवरात्रि से किया जायेगा रामलीला का आयोजन कमेटी के सभी सदस्यों ने एक मत से सर्व सहमति से डी सी बी चेयरमैन गोपाल सिंह रावत को चुना अध्यक्ष सुंदर सिंह डसीला को संयोजक व दिनेश तिवारी को कोषाध्यक्ष निर्मल रावत और गोविंद पोखरिया को मीडिया प्रभारी एवम चंदन सिंह अधिकारी को रामलीला कमेटी का संरक्षक के रूप में मनोनित किया गया है।कार्यकारी सदस्य के रूप में दीपेंद्र रावत,प्रकाश बोरा, रमेश सिंह नेगी,हरीश कोटिल्या, कुंदन कुंजवाल,बिक्रम भंडारी, नरेंद्र भट्ट ,हेमंत बिष्ट,भुवन बिष्ट, दीपेंद्र बिष्ट,गंगा सिंह,प्रताप सिंह राणा, जीवन सिंह बिष्ट आदि लोग शामिल थे।





# कौन कहता है की फरिश्ते आसमानों में होते हैं हमने तो इस धरती पर फरिश्तों को देखा है

## अभिषेक वर्मा ने बीती देर रात एक गरीब बच्चे को अस्पताल पहुंचा कर बचाई जान

गदरपुर( उद संवाददाता)। जी हां कौन कहता है की फरिश्ते आसमानों में होते हैं हमने तो धरती पर फरिश्तों को देखा है यह कथन बिल्कुल सत्य है । बीती रात नगर के प्रमुख व्यवसाय युवा समाजसेवी अभिषेक वर्मा ने एक बहुत गरीब परिवार के बच्चे को रात्रि लगभग 12 बजे काशीपुर अपनी कार से अस्पताल पहुंचा कर बच्चे की जान बचाई है। वास्तव में अभिषेक इस परिवार के लिए किसी फरिश्ते से कम नहीं थे। बताते चले कि कल रात्रि पलकाचोड गांव से एक दिहाड़ी मजदूरी करने वाले व्यक्ति का फोन सोचो डिफरेंट संस्था के पास आया कि मेरे बच्चे को बचा लो इसकी तबियत बहुत खराब हो रही है । संस्था द्वारा एक निवेदन पर नगर के युवा समाजसेवी एवं सुनार एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा ने बच्चे को अपनी कार से तत्काल काशीपुर बच्चो के अस्पताल छोडा साथ ही तुरंत इलाज प्रारंभ करवाया अब बच्चा खतरे से बाहर है । बच्चे के माता पिता ने कहा कि आपने हमारे बच्चे को जीवनदान दिया है आप हमारे लिए कोई फरिश्ता बन कर आए हैं जब इस बात की जानकारी समाज को पता चली तो अनेकों संगठनों जिसमे सोचो डिफरेंट संस्था,व्यापार मंडल ,पंजाबी महासभा,जियो जिंदगी,जय भवानी जागरण मंडल आदि संस्थाओं ने अभिषेक वर्मा के इस कार्य की सराहना की और शुभकामनाएं दी।



# सैकड़ो महिलाओं को सौंपे तुलसी के पौधे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर-घर तुलसी अभियान की संयोजिका, उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और रुद्रपुर नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने सावन के माह में चल रहे अपने अभियान तुलसी वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत, आज सावन के आखिरी सोमवार को इंदिरा कॉलोनी गली नंबर 2 स्थित श्री संतोषी माता मंदिर में सैकड़ो महिलाओं को तुलसी के पौधे प्रदान किए। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने श्री संतोषी माता मंदिर में स्थित भगवान शिव जी के मंदिर में पूजा अर्चना की। और शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान शर्मा दंपति ने शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, फूल,धतूरा, फूल, आदि चढ़ाकर भगवान शिव की आराधना की स यहां श्रीमती शर्मा ने भगवान शिव से प्रार्थना की की रुद्रपुर और उत्तराखंड प्रदेश में हमेशा सुख शांति बनी रहे और हम सभी मिलजुल कर उत्तराखंड को आगे ले जाने का कार्य करें स बाद में श्रीमती शर्मा ने पंडित नरेश चंद्र शर्मा के साथ सैकड़ो महिलाओं को अपने हाथों से तुलसी के पवित्र पौधे प्रदान किए। यहां अपने संबोधन में श्रीमती शर्मा ने कहा कि तुलसी के पौध े गंगाजल की तरह पवित्र माने गए हैं । यह पूजा पाठ और धार्मिक कार्यों के साथ-साथ औषधि के रूप में भी प्रयोग में लाए जाते हैं । श्रीमती शर्मा ने कहा कि भगवान शिव के इस पवित्र सावन माह में तुलसी का महत्वपूर्ण स्थान है, इसलिए सावन माह में तुलसी का वितरण और तुलसी की स्थापना बहुत ही महत्वपूर्ण मानी गई है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और महिलाएं उपस्थित थी।



# उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों में लगाएं जीत की हैट्रिक : जेपी नड्डा

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने भाजपा कोर कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री, सांसदों, मंत्रियों से की विकास कार्यों पर चर्चा







हरिद्वार(उद संवाददाता)। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाने के संकल्प के साथ तैयारियों में जुटना होगा। उन्होंने प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर संगठन से आगे की कार्ययोजना पर रिपोर्ट मांगी है। रविवार को हरिद्वार के एक होटल में नड्डा ने भाजपा कोर कमेटी की बैठक में लोकसभा व नगर निकाय चुनावों की नब्ज टटोली। साथ ही सरकार के कामकाज और योजनाओं का फीडबैक लिया। नड्डा ने निकाय चुनाव को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों को तैयारी करने के निर्देश दिए। उनके इस संकेत से माना जा रहा कि प्रदेश में शहरी निकायों के चुनाव समय पर हो सकते हैं। उन्होंने सांसदों, मंत्रियों को भी अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा करने के निर्देश दिए। संगठन की प्रदेश स्तरीय टीम भी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत का दौरा कर चुनाव को लेकर चर्चा करेगी। टीम के सुझाव पर संभावित प्रत्याशियों की सूची तैयार की जाएगी। निकाय चुनाव के लिए प्रमुख चुनावी मुद्दों की तैयार सूची और वार्डों के आरक्षण के हिसाब से रणनीति बनाई जाएगी। नड्डा ने कहा, प्रदेश की पांच लोकसभा सीटों पर जीत की हैट्रिक लगानी है। इसके लिए अभी से तैयारियों में जुटना होगा। जीत के साथ प्रत्येक सीट पर वोट प्रतिशत भी बढ़ाने के लिए काम करना होगा। सांसद, मंत्री और विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में प्रवास कर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं व कार्यों को लोगों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने विधानसभा चुनाव में हारी 23 सीटों पर अब तक की तैयारी का ब्योरा लिया। साथ ही बूथ स्तर पर घर-घर वोटर बनाने और हर विधानसभा में 10 हजार नए वोटर बनाने का लक्ष्य दिया। बैठक में प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, सह प्रभारी रेखा वर्मा, सीएम पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, सांसद अजय टम्टा, प्रदेश संगठन महामंत्री अजय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, विधायक मदन कौशिक आदि मौजूद थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बैठक में उत्तराखंड में धामी सरकार के कामकाज और कार्यों पर फीडबैक लिया। उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी), सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाओ अभियान, जबरन धर्मांतरण रोकने, नकलरोधी कानून पर सरकार के फैसलों की तारीफ कर सीएम धामी की पीठ थपथपाई। कोर कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ आपदा और अतिवृष्टि से प्रदेश में हुए नुकसान पर सरकार की ओर से उठाए गए कदमों की जानकारी दी। इसके अलावा सशक्त उत्तराखंड के लिए सरकार के विकास के रोडमैप को रखा। सांसदों, मंत्रियों के साथ ही विधायक भी अपने क्षेत्रों में प्रवास करेंगे। पार्टी की ओर से विधायकों के लिए जल्द ही प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जाएगा। इसमें विधायकों को केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों व योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए मार्गदर्शन किया जाएगा। कोर कमेटी की बैठक मेंराष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बागेश्वर उपचुनाव की जानकारी ली। उन्होंने पार्टी नेताओं को बागेश्वर सीट पर रिकॉर्ड जीत हासिल करने के निर्देश दिए।

# जनसंवाद कार्यक्रम में एसएसपी ने सुनी समस्याएं

## ट्रांजिट कैम्प में नशे के खिलाफ चलाई मुहिम को सराहा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. मंजुनाथ टीसी द्वारा जनता और पुलिस के मध्य बेहतर सामंजस्य स्थापित करने, पब्लिक फ्रैंडली पुलिसिंग एवं आम जनता की पुलिस से सम्बन्धित समस्याओं के तुरन्त निस्तारण हेतु थाना ट्रांजिट कैम्प क्षेत्रान्तर्गत एक निजी स्कूल में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने जनता से सीधे संवाद कर उनकी शिकायत व समस्याओं को सुना। साथ ही पुलिसिंग हेतु उपस्थित सभी लोगों से सुझाव लिए। एसएसपी ने आम लोगों द्वारा जनपद पुलिस की नशे के खिलाफ चलायी जा रही मुहिम की प्रशंसा करते हुये उधमसिंहनगर में नशे को जड़ से खत्म करने की अपील की गई साथ ही क्षेत्र में ट्रैफिक से सम्बन्धित समस्याओं से भी अवगत कराया गया। युवा पीढी में बढ रहे नशे के कुप्रचलन पर चिंता जाहिर करते हुये एसएसपी ने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस बेहद गम्भीर है।



पुलिस टीम अवैध नशे के कारोबारियों पर लगातार नकेल कस रही है। पुलिस द्वारा नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लगातार जनजागरुकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। नशे के खिलाफ इस जंग में उनके द्वारा आमजन से सहयोग करने का आह्वान किया। जनसंवाद के माध्यम से सभी को साइबर अपराधों व ऑनलाइन फ्रॉड जैसे- साइबर स्टॉकिंग, साइबर बुलिंग, फेक कॉल, मैसेज मेल, वॉइस क्लोलिंग आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर बताया गया। सभी को बढ़ते अपराधों के प्रति सचेत कर बताया गया कि जनजागरुकता ही साइबर अपराधों का बचाव है। यदि किसी के साथ साइबर वित्तीय ठगी हो जाती है तो तुरन्त साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर या जनपद के साइबर सेल नम्बर 9410961096 पर कॉल कर सकते है । जनसंवाद कार्यक्रम में एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, सीओ सिटी आदि ने भी उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में आम लोगों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापार मण्डल के पदाधिकारी व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।










# पत्रकार कल्याण कोष, मुख्यमंत्री पत्रकार सम्मान पेंशन योजना समिति का गठन

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार द्वारा पत्रकारों के हितार्थ संचालित उत्तराखंड पत्रकार कल्याण कोष/मुख्यमंत्री पत्रकार सम्मान पेंशन योजना समिति में आगामी दो वर्ष के लिए गैर सरकारी सदस्य के रूप में सूचना एवं लोकसंपर्क विभाग द्वारा चार पत्रकारों डॉ. वी.डी.शर्मा (देवभूमि पत्रकार यूनियन, देहरादून), दिनेश जोशी (एनयूजेआई, हल्द्वानी नैनीताल), निशा रस्तोगी (एसोसिएशन ऑफ स्माल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स ऑफ इंडिया, देहरादून), दीन दयाल मित्तल (इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रेस एन मिडिया मेन, देहरादून) को नामित किया गया। उक्त समिति के गठन से पूर्व में लंबित पत्रकारों के पेंशन, मेडिकल, मृतक आश्रित आर्थिक सहायता मामलो का निस्तारण हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि उक्त समिति में पत्रकारों की समस्याओं में सदैव तत्पर रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार डा. वी.डी.शर्मा पहले भी इस समिति में दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। उनके इस महत्वपूर्ण समिति में पुनः नामित होने पर देवभूमि पत्रकार यूनियन (पंजी.), देवभूमि जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों के अतिरिक्त प्रदेशभर के पत्रकारों, पत्रकार यूनियनों, संगठनों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। उनको बधाई देने वाले पत्रकार बंधुओं का तांता लगा हुआ है।



# नवजात शिशु के न रोने पर हो सकती है गंभीर हालत: डा.रखोलिया

हल्द्वानी (उद संवाददाता) । राजकीय मेडिकल कालेज में बाल रोग विभाग की अध्यक्ष प्रो. ऋतु रखोलिया ने कहा कि अगर नवजात शिशु पैदा होते ही न रोए तो उसकी हालत गंभीर हो सकती है। हो सकता है कि उसकी सांस नली में किसी तरह की दिक्कत हो सकती है। इसके कई कारण हैं, लेकिन अब एडवांस नेशनल रेस्युसिटेएशन प्रोग्राम से इस बीमारी का समय रहते उपचार करना संभव है। इंडियन एकेडमी आफ पीडियाट्रिक्स की ओर से मेडिकल कालेज के लेक्चर थिएटर में आयोजित उन्नत नवजात पुर्नजीवन प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित बाल रोग चिकित्सकों को कही। कार्यशाला का शुभारंभ डा. जीएस तितियाल, डा. ऋतु रखोलिया, डा. रवि श्योता, डा. पूजा अग्रवाल, डा. प्रणय व डा. अजय पाण्डे ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में उत्तराखंड के अलग-अलग जिलों से 34



बाल रोग विशेषज्ञ उपस्थित थे। इसमें बाल रोग विशेषज्ञों को एडवांस एनआरपी की बारीकियां सिखाई गई। इस पर प्रो. रखोलिया ने कहा कि उत्तराखंड में एक हजार पर 27 नवजात शिशुओं की मौत हो जाती है। 2030 तक का लक्ष्य एक हजार में 12 बच्चों की मौत का है, जबकि देश भर में यह आंकड़ा एक हजार पर 30 बच्चों की मौत का है। मास्टर ट्रेनर प्रो. रखोलिया ने कहा कि हमें नवजात शिशु की मृत्यु दर को कम करने के लिए और अधिक कौशल की जरूरत है, जिससे समय रहते नवजात का बेहतर इलाज संभव हो सके। इसी उद्देश्य के लिए यह प्रशिक्षण कार्यशाला समय-समय पर आयोजित की जाती है। इलाज की आधुनिक तकनीक से बाल रोग विशेषज्ञों को अवगत कराया जाता है। प्रो. रखोलिया ने बताया कि कुपोषण, आक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति न होना, नाल बंद होना, रक्तस्त्राव या फिर प्रसव से पहले ही अधिक पानी का स्राव हो जाना आदि कारण हैं, जिस से नवजात शिशु को पैदा होने पर कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।इसमें कृत्रिम श्वांस और एडवांस एनआरपी के बारे में बताया गया। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर डा. अल्पा गुप्ता, डा.विशाल कौशिक, डा. राकेश कुमार, डा. साक्षी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# जो भगवान का आदर नहीं करें उसका जीवन व्यर्थ

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के आज 27वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि जो भगवान का आदर नहीं करें उसका जीवन व्यर्थ है, जीव मात्र मान का भूखा है जगत की बातों पर ध्यान ना दो,कोई प्रशंसा करेगा तो सदभाव जागेगा और कटु बोलेगा तो कुभाव, सो लोगों के कहने



की चिंता छोड़ कर भगवान क्या कहेंगे इसकी चिंता करते रहो। कथा में एवं आज के प्रसाद की सेवा 2 परिवारों द्वारा दी गयी। श्री विजय कुमार भुड्डी (चाचू) जी के परिवार द्वारा। श्री योगेंद्र शर्मा जी के द्वारा अपने बेटे लोकांशु शर्मा के जन्मदिन की खुशी में प्रसाद वितरण किया गया । इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# विभाजन सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित

- देहरादून में पंजाबी सभा ने किया विभाजन विभीषिका सम्मान समारोह का आयोजन
- मुख्यमंत्री धामी ने की विभीषिका झेलने वालों की याद में स्मृति स्थल बनाने की घोषणा
- संयोजक रूद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने कार्यक्रम की सफलता पर जताया आभार







देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को सुभाष रोड़ स्थित वेडिंग प्वाइंट में पंजाबी सभा द्वारा आयोजित विभाजन विभीषिका सम्मान समारोह में विभाजन की विभीषिका का दर्द सहने वाले तमाम सेनानियों के परिजनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वालों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने विभाजन विभीषिका के दौरान दिवंगत लोगों की स्मृति में स्मृति स्थल के निर्माण की भी घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वयोवृद्ध विद्या वंती, सरदार मनोहर सिंह नागपाल, नानक चंद नारंग, भवानी दास अरोड़ा आदि को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद 15 अगस्त 1947 को एक ओर जहां देश आजादी का जश्न मना रहा था, वहीं दूसरी ओर देश के विभाजन का भी हमने दर्द सहा। देश का विभाजन भारत के लिए किसी विभीषिका से कम नहीं था। इस दंश के दर्द की टीस आज भी है, जो इसे झेलने वाले लोगों की आंखों को नम कर देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का विभाजन केवल एक भूभाग का विभाजन नहीं था, पीढ़ियों से साथ रह रहे लोगों के बीच नफरत और सांप्रदायिकता की लकीर खींच दी गई थी। लगभग पूरा भारत छिन्न-भिन्न हो गया था। सालों से साथ रहने वाले लोग, एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए थे, हर जगह क्रूरता नजर आ रही थी, जीवन मूल्यहीन हो गया था। मानव विस्थापन का इससे भयानक और विकराल रूप पहले कभी नहीं देखा गया। भारत के बंटवारे ने सामाजिक एकता, सामाजिक सद्भाव और मानवीय संवेदनाओं को तार-तार कर दिया था। विभाजन के दौरान वैमनस्य और दुर्भावना का दृढ़तापूर्वक सामना करने वाले, प्रत्येक व्यक्ति के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उस हिंसक उन्माद के दौर के इस परिसर में बैठे हमारे वरिष्ठों और उनके अनेकों साथियों ने, समाज के प्रति अपने कर्तव्य, राष्ट्र के प्रति अपनी कृतज्ञता, और मातृभूमि के प्रति अपने समर्पण को जीवंत रखा। इस बंटवारे ने जो जटिलताएं और विषमताएं, आजाद भारत के सामने ला कर खड़ी कीं, देश आज भी उनका सामना कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनेकों इतिहासकारों और राजनेताओं ने, विभिन्न मंचों से स्पष्ट शब्दों में कहा है कि, भारत का विभाजन राजनीतिक निर्बलता का स्पष्ट उदाहरण था। हम सभी का यह दायित्व है कि, हमारी युवा पीढ़ी, उस तथ्य को जाने कि यह आजादी हमने किन हालातों में प्राप्त की थी? उन्होंने कहा कि देश आज आजादी के अमृत वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इस अमृतकाल में यह हमारा कर्तव्य है कि हम देश को स्वतंत्र कराने वाले और देश के विभाजन की यातनाएं झेलने वाले मां भारती के प्रत्येक सपूत के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करें। विभाजन विभीषिका की पीड़ा सह चुके लोगों ने इस क्षेत्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से पलायन करके आए हुए आप जैसे हमारे पंजाबी भाइयों ने दिखा दिया कि मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर इंसान क्या नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमने भी उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने का ''विकल्प रहित संकल्प'' लिया है। इसके लिए हम सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि के मंत्र पर काम कर रहे हैं। प्रदेश में सड़क, रेल, हवाई यातायात की सुविधाओं का तेजी से विकास किया जा रहा है। सभी के सहयोग और समर्थन से हम उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्य बनाने में अवश्य सफल होंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि के सनातन स्वरूप को किसी भी सूरत में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। राज्य में धर्मांतरण के विरूद्ध कानून सख्ती से लागू किया गया है। देवभूमि के प्रति लोगों की आस्था का पूरा ध्यान रखा जाएगा। प्रदेश की जनता से किये गये वायदे के अनुरूप शीघ्र ही राज्य में समान नागरिक संहिता लागू किया जायेगा। अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध भी सख्ती से कार्यवाही कर किसी भी षड्यंत्र के तहत किये जाने वाले अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। वही कार्यक्रम सयोंजक रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से विभाजन विभषिका कार्यक्रम बहुत सफल और भव्य दिव्य हुआ कार्यक्रम में हमारे बुजुर्गों को समान्नित किया गया , वह क्षण भावुक करने वाला था सभी ने नम आंखों से हवन यज्ञ में शामिल होकर विभाजन के समय अपनो को गवाने की स्मृति में भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी , आपको बता दे रुद्रपुर विधायक पिछले काफी दिनों से देहरादून में ही इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर लगे हुए थे जिसके लिये उनके द्वारा बैठकों का दौर जारी था वही मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने भी कार्यक्रम सयोंजक विधायक शिव अरोरा की सरहाना की जिन्होंने पिछले साल रुद्रपुर में ओर हाल ही बंगाली समाज के सम्मान में कार्यक्रम को आयोजित करवाया था जो काफी लोगो की स्मृतियों को ताजा करने वाला था ,वही मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने विभाजन की विभषिका झेलने वालो की याद में देहरादून में एक स्मृति स्थल बनाने की घोषणा की जिसके लिये कार्यक्रम सयोंजक विधायक शिव अरोरा ने उनका आभार जताया ओर कहा यह उन बिछड़ी हुई आत्माओ को सच्ची श्रद्धांजलि होगी निश्चित रूप से यह कार्य धामी सरकार का बेहद सरहानीय है जो हमारे आने वाली युवा पीढ़ी को जागरूक करने के लिये एक अच्छी पहल साबित होगा।वही कार्यक्रम की सफलता हेतु विधायक शिव अरोरा ने सभी आये सेनानियों ओर कार्यक्रम में लगातार लगे हुए कार्यकताओ का आभार जताया। वही कार्यक्रम का आयोजक संस्कृति विभाग के माध्यम से हुआ था जिसको सफल बनाने के लिये विधायक शिव अरोरा ने जीतोड़ मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाया। आपनी कार्यशैली ओर मैनजमेंट के लिये जाने जाते हैं विधायक शिव अरोरा जिसके चलते देहरादून में भी उन्होंने इस बड़े कार्यक्रम को सफल बना के दिखाया। कार्यक्रम में लगभग 750 से अधिक सेनानियों को समान्नित किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक एवं विधायक शिव अरोड़ा, महामण्डलेश्वर स्वामी धर्मदेव, विश्वास डाबर आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, मेयर सुनील उनियाल गामा, जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, देवेन्द्र भसीन, कैलाश पन्त, राजीव घई, रुद्रपुर से सुनील ठुकराल, किरन विर्क,अनमोल विर्क, उमेश पसरीचा, बाबू चड्ढा, मनोज मदान, विक्की घई, माणिक अरोरा, जग्गू, मानव, रवि सिडाना,अमनदीप विर्क, अमन चीमा, आशु गम्भीर, सुरेश खुराना, कपिल कुमार, महेंद्र कालड़ा, अमित नारंग सहित अन्य लोग मौजूद रहे।










# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### शिक्षिका का दुर्व्यवहार

उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर के एक स्कूल में एक बच्चे की पिटाई का मामला स्तब्ध कर देने वाला है। खबरों के मुताबिक, निजी स्कूल में प्राथमिक कक्षा के एक विद्यार्थी की गलती सिर्फ इतनी थी कि वह पहाड़ा याद करके नहीं आया था। इतने भर के लिए शिक्षिका ने अन्य बच्चों से बारी-बारी थप्पड़ लगवाया। जो बच्चा धीरे से मार रहा था, उसे और जोर से थप्पड़ मारने को कहा। पीड़ित बच्चे के रोने के बावजूद कक्षा के बाकी बच्चों ने शिक्षिका का आदेश पूरा किया।इस घटना में ज्यादा आपत्तिजनक पहलू यह भी सामने आया कि शिक्षिका ने पिटाई खा रहे बच्चे की धार्मिक पृष्ठभूमि और पहचान को लेकर भी अवांछित टिप्पणी की। मामले ने तूल तब पकड़ा जब कक्षा में इस घटना का किसी ने वीडियो बना लिया और उसे प्रसारित कर दिया। हालांकि वीडियो के सामने आने पर शिक्षिका ने अपने बचाव में दलील दी और पुलिस ने वीडियो सहित पूरे मामले की जांच कराने की बात कही है।प्राथमिकी दर्ज होने के बाद यही इस घटना के कानूनी निष्कर्ष तक पहुंचने का रास्ता होगा। मगर सच यह है कि घटना का जितना भी हिस्सा सामने आ सका है, वह बताता है कि हमारे शिक्षा संस्थानों में बेहतर पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ मानवीयता को एक मूल्य बनाने का सफर अभी बहुत लंबा है।सवाल है कि सिर्फ कोई पाठ याद न कर पाने की वजह से किसी शिक्षक को यह अधिकार कहां से मिल जाता है कि वह बच्चे के साथ इस तरह पेश आए। इस मामले में कानूनी स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है और सर्वोच्च न्यायालय तक का साफ निर्देश है कि किसी भी स्थिति में बच्चे की पिटाई गैरकानूनी है। यहां तक कि उसके साथ डांट-फटकार भी नहीं की जा सकती। इसके बावजूद बहुत सारे शिक्षकों को इन निर्देशों पर गौर करना जरूरी नहीं लगता है। जबकि स्कूल और कक्षा में शिक्षक के व्यवहार को लेकर अगर कानूनी मानदंड तय किए जाते हैं तो यह अपने आप में एक अफसोसनाक पहलू है।इसके अलावा, सुर्खियों में आए वीडियो में शिक्षिका जो कहती दिखाई देती है, उससे जाहिर है कि वह न तो शिक्षण के लिए योग्य है और न ही उसमें मानवीय संवेदना के तत्त्व बचे हैं। स्कूली शिक्षा के दौरान अगर कोई बच्चा पढ़ाई-लिखाई के मामले में पीछे रह जाता है, तो यह मुख्य रूप से शिक्षकों की ही नाकामी है। पर अपने दायित्व को ठीक से न निभा पाने की भरपाई के लिए कई बार शिक्षक विद्यार्थियों को ही जिम्मेदार ठहरा देते हैं। ताजा घटना का सबसे चिंताजनक पहलू बच्चे के साथ हुए दुर्व्यवहार का तरीका है। यह कल्पना भी बेहद तकलीफदेह है कि जिस बच्चे को उसके सहपाठी थप्पड़ मार रहे थे, उसके कोमल मन-मस्तिष्क पर कितना गहरा मनोवैज्ञानिक आघात लगा होगा और भविष्य में वह स्कूल, कक्षा और बाकी बच्चों को लेकर किस हद तक सामान्य तरीके से सोच पाएगा। फिर शिक्षक के कहने पर थप्पड़ लगा रहे अन्य बच्चों के भीतर कैसा मानस तैयार होगा? अगर धर्म, जाति या वर्ग के आधार पर शिक्षक भी अपना बर्ताव तय करने लगेंगे और अन्य बच्चों को भी उसमें शामिल करेंगे तो जो समाज तैयार होगा, वह कितना मानवीय होगा? इस लिहाज से देखें तो इस घटना से निपटने के लिए सरकार को ऐसे कदम उठाने की जरूरत है, जो शिक्षा व्यवस्था को इस तरह के दुराग्रह और कुंठा से पूरी तरह मुक्त कर सके।

## 31अगस्त को प्रात:राखी बांधने का शुभ मुहूर्त : वार्ष्णेय

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। ज्योतिष में ग्रह, नक्षत्रों की स्थिति एवं गति के



आंकलन से ही तिथियों की रचना होती है । कभी-कभी पंचांग रचनाकारों द्वारा अपने-अपने मतानुसार कालगणना के कारण पर्व की तिथि तय करने से भ्रम की स्थिति बन जाती है। इस बार भी रक्षाबंधन की तिथि पर भ्रम बन गया है कि 30 या 31अगस्त को रक्षाबंधन मनाया जाये। इस विषय पर देश-प्रदेश के अनेक प्रकांड विद्वानों द्वारा चिंतन किया गया। ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन पर पूर्णिमा तिथि 30अगस्त की प्रात:काल 10बजकर 58 मिनट से लेकर 31अगस्त की प्रात:काल 7 बजकर 5 मिनट तक विद्यमान रहेगी। मगर 30 अगस्त को 10 बजकर 58 मिनट के पश्चात रात्रि 9 बजकर 1 मिनट तक भद्रा का प्रभाव रहेगा। भद्रा काल में राखी बांधना अशुभ माना जाता है। अत: भद्रा की समाप्ति के बाद ही वो लोग जो जनेऊ न पहनते हों तथा रात्रि में राखी बंधन के लोकाचार को न मानते हों। रक्षाबंधन मना सकते हैं। वहीं उत्तराखंड में रात्रि में राखी बांधने का लोकाचार नहीं है, साथ ही अधिकांश वर्ग जनेऊ बदलते हैं। जो रात्रि में बदलना अशुभ माना जाता है। अत: यहाँ 31अगस्त की प्रात:काल 5 बजकर 37 मिनट से लेकर 7 बजकर 6 मिनट तक के विशुद्ध मुहूर्त में घषि तर्पण, उपाकर्म सम्पन्न करने के पश्चात रक्षाबंधन पूरे दिन मनाया जायेगा। क्योंकि पूर्णिमा उदयव्यापिनी है, सो इसे पूर्णा तिथि का मान मिल रहा है। मुहूर्त चिंतामणि ग्रंथ के अनुसार पंचमी, दशमी, पूर्णिमा गुरूवार के दिन उदयव्यापिनी हो तो उन्हें पूर्ण तिथि का बल मिल जाता है तथा शुभ कार्यों के लिये सर्वोत्तम बन जाती है। वहीं 31अगस्त को प्रात:काल 7 बजकर 6 मिनट के पश्चात् भाद्रपद मास की प्रतिपदा लग रही है, तो कुछ लोग इस पर भी भ्रमित रहेंगे कि प्रतिपदा में राखी कैसे बंधवायें तो ऐसी स्थिति में उदयव्यापिनी का सूत्र लागू रहेगा। भाद्रपद मास की प्रतिपदा 1 सितम्बर को मानी जायेगी।

## आपरेशन मर्यादा के तहत वसूला हजारों रूपयें का जुर्माना

अल्मोड़ा(उद सवांददाता)। जनपद पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन व ऑपरेशन मर्यादा के तहत 143 लोगों





पर चालानी कार्यवाही करते हुए 66,600रूपये जुर्माना वसूला तथा 3 वाहन सीज किये। एसएसपी रामचंद्र राजगुरु ने जनपद के समस्त थाना चौकी प्रभारियों व निरीक्षक उपनिरीक्षक यातायात प्रभारी इंटरसेप्टर को ऑपरेशन मर्यादा के तहत सार्वजनिक स्थान पर्यटक स्थलों पर शराब पीकर हुड़दंग, गंदगी करने व यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। जिसके अनुपालन में पुलिस के थानाचौकी व यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट,तीन सवारीवाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग बिना नंबर प्लेटदोषपूर्ण नंबर प्लेट का प्रयोग, वाहनों में प्रेशर हॉर्न सहित अन्य तरीकों से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 117 वाहन चालकों के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही कर 60,000 रूपये जुर्माना वसूला । 3 वाहनों को सीज किया गया । चेकिंग अभियान के दौरान ही ऑपरेशन मर्यादा के तहत सार्वजनिक एवं पर्यटक स्थलों के आस- पास धूम्रपान शराब पीकर हुडदंग करने और गंदगी करने पर 26 लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालानी कार्यवाही कर 6600 रुपये जुर्माना वसूला गया । इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु एल्को मीटर से चेकिंग की गई।

## अवैध कच्ची शराब के साथ एक पकड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया । जानकारी के अनुसार उनि मुकेश मिश्रा चैकिंग के दौरान पुलिसकर्मियों के साथ मुखबिर की सूचना पर भूरारानी पहुंचे। जहां वसुंधरा गेट के पास एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता करन सहनी पुत्र बिन्देश्वर सहनी निवासी भूरारानी वार्ड नं0 32 बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से प्लास्टिक के कट्टे में रखे कुल 34 पाऊच के बरामद हुए। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर करन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## होमगार्ड्स के लिए पहल एप कार्यशाला आयोजित

अल्मोड़ा(उद सवांददाता)। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, जिला होमगार्ड गोविंद सिंह खाती ने बताया कि जनपद



में होमगार्ड्स के मानसिक सशक्तिकरण हेतु प्रथम बार पहल एप कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। जिसमें होमगार्ड्स के मानसिक, शारीरिक, सामाजिक, भावनात्मक, तंदुरुस्ती एवं सर्वांगीण स्वास्थ्य को बेहतर बनाए जाने हेतु डॉक्टर डायना चेरियन मनोचिकित्सक एवं सहायक आरती सांकला द्वारा होमगार्ड्स की समस्याओं को सुना गया और मौके पर उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अरुण चौहान, वैतनिक प्लाटून कमांडर वीरेंद्र सैनी, सुमन बिष्ट, जनपद के अवैतनिक प्लाटून कमांडर एवं भारी संख्या में होमगार्ड्स उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि जनपद अल्मोड़ा में महिला होमगार्ड भर्ती परीक्षा 2023 में कुल 31 पदों के सापेक्ष 5190 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनकी कार्यालय द्वारा स्क्रुटनी की जा रही है। उन्होंने बताया कि स्क्रुटनी के पश्चात अक्टूबर 2023 के प्रथम सप्ताह में संभवत: भर्ती प्रारंभ कर दी जाएगी। भर्ती की तिथियां के लिए पृथक से अभ्यर्थियों को दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से अवगत कराया जाएगा।

## महिलाओं ने सीएम धामी की कलाई पर बांधी राखी

देहरादून। रक्षाबंधन से पहले महिलाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को राखी बांधी। सीएम ने भी सभी महिला प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और अपनी कलाई पर राखी बंधवाई। सीएम धामी सभी महिलाओं को उपहार भी भेंट किए।सोमवार को देहरादून में मुख्यमंत्री आवास पर सीएम पुष्कर सिंह धामी को महिला प्रतिनिधिमंडल ने राखी बांधी। बता दें रक्षा बंधन से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महिला समूहों को मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के रूप में तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री धामी ने इस योजना को स्वीकृति



प्रदान कर दी है। योजना का संचालन महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जाएगा। प्रदेश में वर्तमान में तमाम महिला समूह कार्यरत हैं। जिनके द्वारा विभिन्न उत्पादों का निर्माण किया जाता है। हालांकि, कई बार इनको सही बाजार न उपलब्ध होने के कारण परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश में कार्यरत तमाम महिला समूहों की ओर से निर्मित उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक विकास खंड में महिला समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों की किसी सार्वजनिक स्थान पर प्रदर्शनी लगवाकर महिला समूहों को विपणन के लिए समुचित अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। महिला समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री को ब्लॉक स्तर पर बाजार मिलने से जहां उनको अपने उत्पादों की बिक्री के लिए एक मंच मिल सकेगा, वहीं दूसरी ओर उत्पादों को एक नई पहचान भी मिलेगी।






## दो महिला को कुचलने वाले अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। विगत दिवस बैंक से पैसे निकालने आई दो महिलाओं की ट्रक के कुचलने से मौत हो गई थी। मृतक के पति ने तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चलक खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उल्लेखनीय है कि पच्चीस अगस्त शुक्रवार को ग्राम बरकी डांडी निवासी कमल सिंह राणा पुत्र स्व जितेंद्र सिंह राणा अपनी बाइक यूके 06 ए डबलू 8131 से अपना मेडिकल करवाने नानकमत्ता आ रहा था। गांव की ही परमजीत कौर पत्नी गुरदीप सिंह, जसविंदर कौर उर्फ जसवीर पत्नी मनजीत सिंह नानकमत्ता बैंक से पैसे निकालने के लिए आ रही थी। कमल राणा से लिफ्ट मांगी और बाइक पर बैठ गई। गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में स्थित पंजाब नेशनल बैंक से दोनों महिलाएं ने पैसे निकाल कर बाइक से सवार होकर धार्मिक डेरा कर सेवा से होते हुए बाजार आ रही थी कि सितारगंज की तरफ से खटीमा को आ रहें ट्रक यूके 06 सीए 3806 पेट्रोल पंप के सामने ट्रक ने साइड से टक्कर मार दी अनियंत्रित होकर बाइक सवार दो महिलाएं ट्रक के पहिए के नीचे आने से दर्दनाक मौत हो गई है। बाइक सवार चालक कमल सिंह राणा बाल बाल बच गया और मामूली सी चोट आई है। घटनास्थल पर भीड़ को देख ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के पति गुरदीप सिंह पुत्र महेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपकर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279,304 ए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चेंबर में ही खेला फर्जी रजिस्ट्री का खेल

देहरादून। रजिस्ट्री फर्जीवाड़ा में गिरफ्तार नामी अधिवक्ता कमल विरमानी को आज दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। फर्जीवाड़े की जांच के लिए बनी एसआईटी ने आरोपित को रविवार को गिरफ्तार कर रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया, जहां उन्हें एक दिन के रिमांड पर भेजा गया था। आज विरमानी को रेगुलर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा। एसआईटी ने 26 अगस्त की रात को विरमानी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। घपलेबाजी में उसका हाथ होने के चलते उन्हें रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में सामने आया है कि फर्जी रजिस्ट्री का खेल उनके चेंबर में ही खेला गया। दूसरी ओर सहारनपुर के भूमाफिया कंवरपाल को बी वारंट पर देहरादून लाने के लिए एसआईटी आज कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल कर सकती है। सहारनपुर के रहने वाले कंवरपाल ने ही अधिवक्ता कमल विरमानी के साथ करोड़ों का फर्जीवाड़ा किया।

## चार वांछित वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

काशीपुर। ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत चलाएं अभियान के क्रम में कुंडा पुलिस ने अलग-अलग मामलों में लंबे समय से वांछित चल रहे चार वारंटियों को सूचना के आधार पर डॉबीज देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक खलील अहमद पुत्र नथुआ निवासी ग्राम सरवरखेड़ा, विकास छाबड़ा पुत्र गनपत चावड़ा निवासी आनंद प्रेम आश्रम के बराबर गाड़ी नेगी, आसिफ हुसैन पुत्र अमानत हुसैन निवासी ग्राम बाबर खेड़ा व राजू सिंह उर्फ राजपाल पुत्र श्योनाथ प्रोपराइटर/ मालिक मैसर्स लक्ष्मी ट्रेडर्स निवासी अनाज मंडी के खिलाफ अलग-अलग मामलों में न्यायालय से वारंट जारी किए गए थे। इसी के बाद से उपरोक्त चारों कानून की आंख में धूल झोंककर फरार चल रहे थे जिन्हें पुलिस ने सूचना के आधार पर डॉबीज देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# आंचलिक बंगाली कल्याण समिति ने किया विशिष्ट जनों को सम्मानित

-विक्की मण्डल-

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। ग्राम सभा बैकुंठपुर नंबर एक में आंचलिक बंगाली कल्याण समिति द्वारा भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शक्तिफार्म, दिनेशपुर एवं रुद्रपुर के कला, साहित्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल एवं पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 185 लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथिश्यों ने माँ सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि बंगाली समाज हमेशा से सचेत एवं जागरूक रहा है। बंगाली समाज ो प्राचीन काल में हुए भक्ति आंदोलन से लेकर, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन तक विशेष योगदान रहा है। क्षेत्र बसावत के बाद से अनेक ऐसे समाज के हितैषी रहे हैं, जिन्होंने समाज के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन न्योछावर किया। वक्ताओं ने कहा कि बंगाली कल्याण समिति का मुख्य उद्देश्य, समाज के लोगों को मुख्य ध राओं से जोड़ना, समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों को दूर करना, नशे से युवाओं को दूर रखना आदि मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान जात्रा गान (बांग्ला नाटक) का भी आयोजन किया गया। बांग्ला नाटक के दौरान कलाकारों ने ऐसा समां बांधा जिसे देख सभी मंत्रमुग्ध हो गये। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति द्वारा समाज के लिए विशेष योगदान करने वाले स्वर्गीय देवेंद्र आचार्य, रविंद्र नाथ सरकार, श्याम प्रसाद विश्वास, सुशील हालदार, सुकांत ब्रह्म, सुरेश चंद्र सरकार, रवि सरदार, जीके मंडल, नील रतन विश्वास, श्यामल सरकार, हरेन मलिक, वीरेंद्र बर्मन, सुबल मंडल, सुशील राय, भवतोष मंडल, बन्को बिहारी, मेघनाथ मंडल, शीतल दे, विनोद मंडल, अनंत विश्वास एवं सुरेंद्रनाथ विश्वास को मरणोपरांत, उनके परिजनों को सम्मानित किया। आँचलिक बंगाली कल्याण समिति के उपाध्यक्ष का पद रिक्त था जिसको देखते हुये कार्यक्रम के मध्य ही सुरेंद्र नगर के तारक नाथ पूजा व मेला कमेटी अध्यक्ष सुमित मण्डल को मनोनीत किया गया।





## पैरा एथलीट खिलाड़ी प्रेमा विश्वास को भी किया सम्मानित

शक्तिफार्म । खेल जगत में बंगाली समाज का नाम शिखर तक पहुचाने के साथ सम्मान का कद बढ़ाने में अहम भूमिका निभानी वाली पैरा एथलीट खिलाड़ी प्रेमा विश्वास को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रेम विश्वास ने बताया कि 2017 से उन्होंने खेलना शुरू किया। उन्होंने अब तक पांच स्वर्ण पदक सहित कुल 30 पदक जीते। उन्होंने बताया कि आगामी तीन सितंबर को इंडोनेशिया में उनका मैच होने वाला है। इस मौके पर पैरा एथलीट प्रेमा विश्वास, पूर्व विधायक किरण मंडल, नपं अध्यक्ष सुनील विश्वास, निर्मल सरकार, एसआई जगदीश चंद्र तिवारी, संजीव नारायण मंडल, अजय सरकार, प्रियजीत राय, अनिमा सिंह, उत्तम आचार्य, संजीत खान, राजा हालदार, अशोक माली, देबू मंडल, विष्णु प्रमाणिक, रविंद्र सिंह, किशोर राय, मनोज विश्वास, सुमित मंडल, सुजन सरकार, मोहित कुमार, पंकज राय , निरंजन हीरा, नरेश साना, अनुप रॉय, निरंजन विश्वास,रिपुसूदन मण्डल आदि मौजूद थे।

## पत्रकारों को भी किया सम्मानित

शक्तिफार्म। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति की ओर से अपने लेखनी के माध्यम से समाज को जागृत करने वाले कलमकार उत्तरांचल दर्पण के संवाददाता विक्की मण्डल, मनोज राय, मुकेश सरदार,पूरन डसीला, दिनेशपुर के प्रकाश अधिकारी, रूपेश सिंह, पलाश विश्वास, काजल राय को सम्मानित किया।

## गुरूद्वारा में कल होगा अमृत संचार

किच्छा (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री बाबा बुड्ढा साहिब उत्तम नगर में साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश पर्व को समर्पित तीन दिवसीय महान गुरमत समागम 27 से मनाया जा रहा है। जिसमें कल 29 अगस्त को अमृत संचार किया जाएगा। इस समागम में पंथ के महान रागी, ढाड़ी जत्थे व कथावाचक अपने कीर्तन व कथा द्वारा संगत को निहाल कर रहे हैं। कार्यक्रम में भाई हरजीत सिंह मुख्य ग्रंथि व कथा वाचक बाबा बुढ़ा साहिब, भाई रंजीत



सिंह हजूरी रागी गुरुद्वारा बाबा बुढ़ा साहिब ,भाई सुखविंदर सिंह इंचार्ज उत्तराखंड सिंह मिशन काशीपुर भाई बलवीर सिंह पारस अमृतसर पंजाब द्वारा अपने प्रवचनों से संगत को निहाल कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान गुरु का लंगर अटूट बरत रहा है। गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब के प्रधान सुखचैन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कल प्रात: 10 बजे गुरुद्वारा में अमृत संचार किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक बाबा लखबीर सिंह रतवाडा साहिब द्वारा किया जा रहा है।

## पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार मे 17 वारंटी किये गिरफ्तार

किच्छा (उद संवाददाता)। पुलभट्टा पुलिस ने आपरेशन प्रहार के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए 13 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। जिनमे अर्शदीप पुत्र दिलवाग निवासी पंजाबी उपरोक्त, मो.अजीम पुत्र सलीक अहमद निवासी उपरोक्त, आरिफ उर्फ आसिक पुत्र मो. हनीफ निवासी उपरोक्त, मो. इकबाल पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी वार्ड न0 08 छोटी मस्जिद किच्छा, गौ0सं0अधि0 से सम्बन्धित वाछित अभियुक्त जलीस पुत्र मकसूद निवासी ग्राम शहदौरा थाना पुलभट्टा, खलील अहमद उर्फ खलीला पुत्र मो. अहमद उर्फ नन्हे निवासी ग्राम शहदौरा थाना





कालोनी बरा थाना पुलभट्टा, गुड्डू उर्फ सरताज पुत्र मुमताज निवासी फिरोजपुर तीन पानी थाना पुलभट्टा, मो.असीम पुत्र रहीश अहमद निवासी वार्ड न0 20 इन्द्रानगर सिरौलीकला थाना पुलभट्टा, रहीश अहमद पुत्र अब्दुल रशीद निवासी संदीप पुत्र मंगल सिह उर्फ कुलवन्त सिह निवासी सिरसा नहर बरा थाना पुलभट्टा, बलविन्दर सिह पुत्र स्व. आला सिह निवासी बरा थाना पुलभट्टा, जहाना पत्नी मुबारिक निवासी वार्ड न0 18 सिरौलीकला थाना पुलभट्टा, पुलभट्टा शामिल हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट, उ0नि0 पंकज कुमार,उ0नि0 पवन जोशी,उ0नि0 दीपा अधिकारी,उ0नि0 दरवान सिंह,हे0का0 रविकान्त शुक्ला,हे0का0 रमेश सती, हे0का0 फिरोज खान, हे0का0 धरमवीर सिंह, का0 दीपक विष्ट, का0 इन्द्रप्रकाश, का0चारूपन्त, का0ललित, का0महेंद्र बिष्ट,म0का0 हेमा मेहता शामिल थे। वहीं कोतवाली पुलिस ने भी वारंटियों की धर पकड़ करते हुए चार वारंटी उदित रावत पुत्र दीपक रावत, मिराज अंसारी पुत्र जुबिन अंसारी निवासी सिसई, नागेंद्र यादव पुत्र राम यादव निवासी आजाद नगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## पेज एक का शेष...

**अब चांद को हिन्दू राष्ट्र.......**पोल पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इससे पहले चांद के हिस्से पर कोई नहीं पहुंचा पाया था। ऐसा करने वाले भारत पहला देश बन गया है। खास बात तो यह है कि प्रधानमंत्री द्वारा चांद पर चंद्रयान तीन के लैंडिंग स्थल का नामकरण करने के बाद इस पर देशभर में सियासत होने लगी थी और इसके पक्ष विपक्ष में कई बयान आना आरंभ हो गए थे । इसी क्रम में स्वामी चक्रपाणि महाराज का बयान उपरोक्त वीडियो सामने आया है और खासा चर्चित भी है हो गया है।

**फर्जी मुख्तार-नामे से .........**द्वारा खरीदी जाने की बात कहते हुये उसके साथ अभद्रता व गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। श्री आनन्द ने कहा कि यह जमीन उनकी है और उनके द्वारा किसी को भी यह जमीन नही बेची गई और इस जमीन के मालिक आप कैसे हो गए। उक्त मामले में जब उसके द्वारा रजिस्टार ऑफिस देहरादून में संपर्क करने पर पता चला कि मिंटू कुमार पुत्र सोम सिंह नामक किसी व्यक्ति द्वारा अपने नाम मुख्तर नामा दिखाकर अपने भू माफिया साथियों के साथ मिलकर अजय आनंद व उसकी पत्नी रचना आनंद के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को खड़ा कर कर फर्जी मुख्तारनामा 16/ 4 /2023 को उपनिवंधक कार्यालय द्वितीय देहरादून में दस्तावेज संख्या 241 बात 2023 के रूप में निष्पादित कराया और फर्जी मुख्तियारनामा है के आधार पर अपने कुछ लोगों जिनके नाम अभिषेक कोठारी,दीपक सिंह,गौरव पुंडीर के नाम दस्तावेज 2114, 2402 ,48 85 व 4933 रजिस्ट्री 2023 में कर दी गई। उपरोक्त सभी लोगों ने गिरोह बंद होकर कुटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी व्यक्ति को अजय आनंद और फर्जी महिला को प्रार्थी की पत्नी रचना आनंद दिखाकर फर्जी तरीके से भूमि को विक्रय कर दिया गया है । फर्जी अजय आनंद पत्नी रचना आनंद अभिषेक कोठारी,दीपक सिंह,गौरव पुंडीर,सिद्धार्थ अरोरा,विक्रांत पूरी,मिंटू सिंह, मनीष कुमार, अखलाख अहमद आदि ने मिलकर उसकी भूमि का विक्रय किया गया। उपरोक्त सभी भू माफिया गिरोहबंद होकर लोगों की भूमि के फर्जी दस्तावेज तैयार कर रजिस्ट्रियां करकर भूमि पर कब्जा करते है। भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने रपट दर्ज करते हुये मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

**वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में .............**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर नीरज चोपड़ा की गोल्ड मेडल के साथ तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है, भारतीय 'गोल्डन बॉय' नीरज चोपड़ा को WorldAthletics Championships में पुरुषों की जेलविन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक बधाई। आपने इस स्वर्णिम उपलब्धि से वैश्विक पटल पर मां भारती का मानवर्धन करने का अनुपम कार्य किया है। भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएं ! बता दें भारत के जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने फाइनल मुकाबले में 88.17 मीटर का थ्रो फेंकते हुए स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया। वहीं पाकिस्तान के अरशद नदीम दूसरे स्थान पर रहे और उन्हें सिल्वर मेडल मिला है।

## दो नाबालिग बालिकायें हल्द्वानी से कीं बरामद

अल्मोड़ा(उद सवांददाता)। सोमेश्वर पुलिस ने कड़ी मेहनत से 2 नाबालिग गुमशुदा बालिकाओं को हल्द्वानी से सकुशल बरामद उनके परिजनों के सुपुर्द कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। सोमेश्वर निवासी एक महिला ने थाना सोमेश्वर में तहरीर दी कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र17 वर्ष अपनी सहेली उम्र16 वर्ष के साथ स्थायी निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए घर से सोमेश्वर बाजार गई थी। जो अभी तक वापस नही आयी है। जिस पर थाना सोमेश्वर में तत्काल एफआईआर पंजीकृत की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने नाबालिग बालिकाओं के गुमशुदगी के मामले की गंभीरता व संवेदनशीलता के दृष्टिगत सीओ सोमेश्वर ऑपरेशन व थानाध्यक्ष



सोमेश्वर को गुमशुदाओं की शीघ्र तलाश बरामदगी हेतु निर्देशित किया । सीओ सोमेश्वर विमल प्रसाद प्रसाद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए जनपद के समस्त थानों को गुमशुदा की तलाश हेतु सूचित किया गया तथा गुमशुदाओं की तलाश हेतु पुलिस टीम का गठन करते हुए थाना क्षेत्र व संभावित स्थानों पर ढूढखोज की गयी । थानाध्यक्ष सोमेश्वर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दोनों नाबालिग गुमशुदा बालिकाओं को हल्द्वानी गैस गोदाम रोड के पास से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। नाबालिग बालिकाओं ने बताया कि परिजनों की डांट से नाराज होकर घर से हल्द्वानी चली गई थीं। बालिकाओं के सकुशल मिलने पर परिजनों द्वारा सोमेश्वर पुलिस की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस टीम में उनि मोनी टम्टा थाना सोमेश्वर, हेकानि.पवन कुमार,वेद प्रकाश शामिल थे।

## कच्ची शराब के साथ नशा तस्कर पकड़ा

रूद्रपुर। पुलिस टीम ने गत दिवस भूरारानी क्षेत्र में एक नशा तस्कर को अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि मुकेश मिश्रा गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना मिलने पर का. रघुनाथ, किशन सिंह के साथ भूरारानी में एक दुकान के पास पहुचे। जहां एक व्यक्ति हाथ में कट्टा लेकर खड़ा दिखाई दिया। । पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता सजन सहनी पुत्र स्व. कपिल सहनी निवासी भूरारानी बताया। तलाशी लेने पर इसके पास मौजूद कट्टे में कुल 164 पाऊच कच्ची शराब के बरामद हुए। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर सजन सहनी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

## पुलिस ने शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

रूद्रपुर । रम्पुरा चौकी पुलिस कर्मियों ने चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार का. अमित जोशी व महेन्द्र कुमार क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे । तभी गुरूद्वारे के पास लोगों की भीड़ नजर आई। पुलिस को देखते ही मौजूद लोग भागने लगे। जिनमें एक व्यक्ति एक कट्ठा उठाकर गली में भागा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता ओमप्रकाश पुत्र झुण्डे राम निवासी रम्पुरा बताया । कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें से कुल 40 पाउच अवैध कच्ची शराब के बरामद हुए। पुलिस ने शराब बरामद कर ओमप्रकाश के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

Anhad
GROUP OF INDUSTRIES

# अनहद ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज की ओर से गदरपुर सीड्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष

# डिम्पल आहूजा को जन्मदिन की बहुत–बहुत बधाई






## डिम्पल आहूजा

आहूजा सीड्स

मो.9837000098

## लवली हुड़िया

मैनेजिंग डायरेक्टर

अनहद ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज

गदरपुर,मो.9837041111

